DECEMBER 2024 **U/ID 30681/ULE4A**

Time : Three hours Maximum : 75 marks

PART A — (10 × 2 = 20 marks)

किन्हीं दस प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

प्रत्येक उत्तर 30 शब्दों में हों।

1. प्रलय के बाद की उषा का उदय कैसा था?
2. मुक्तिबोध किस पीड़ा को सत्य मानते हैं?
3. कल्पना हताश क्यों है?
4. कवि शिवमंगल सिंह सुमन कर्त्तव्य पथ से क्यों नहीं भागना चाहते हैं?
5. शमशेर बहादुर की दृष्टि में भारत की भूमि कैसी है?
6. आनेवालों से एक सवाल कविता में कवि अपनी कविताओं को सार्थक क्यों मानते हैं?
7. छायावाद की किन्हीं चार काव्यों के नाम गिनाइए।
8. प्रगतिवाद के किन्हीं चार कवियों के नाम लिखिए।
9. धर्मवीर भारती का परिचय दीजिए।
10. नई कविता में प्रस्तुत आधुनिकता बोध को समझाइए।

11. प्रसाद युगीन किन्हीं चार कहानीकारों के नाम गिनाइए।

12. नई पीढ़ी के एकांकीकारों के एकांकियों की क्या विशेषता है?

PART B — ($5 \times 5 = 25$ marks)

किन्हीं पाँच की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

13. नेत्र निमीलन, करती माने
प्रकृति प्रबुद्ध लगी होने,
जगी वनस्पतियाँ अलसाई
मुख धोती शीतल जल से

14. फिर भी मैं अपनी सार्थकता में खिन्न हूँ
विष से अप्रसन्न हूँ
इसलिए कि जो है, उससे बेहतर चाहिए
पूरी दुनिया साफ करने के लिए मेहतर चाहिए।

15. किसी असीम सत्य के रहस्य गीत गा रही है
आज तक उदास यों कभी दिखी न रूप-सी
सफेद बर्फ पर बिछी मलीन खिन्न धूप सी
गीत खो गये कहाँ
छन्द सो गये कहाँ
कहाँ गये संगीत के सजीव स्वर सुभाषिनी।

16. यह हार एक विराम है
जीवन महा संग्राम है
तिल-तिल मिटूँगा पर दया की भीख मैं लूँगा नहीं।

17. गर्व आज करता है एशिया
अरब, चीन, मिश्र, हिन्द एशिया
उत्तर की लोक-संघ शक्तियाँ
युग-युग की आशाएँ वारती।

18. यह किसान कमकर की भूमि है,
पावन बलिदानों की भूमि है
भव के अरमानों की भूमि है
मानव इतिहास को सँवारती है।

19. तुम मेरी धरती की नयी पौध के फूल
तुम, जिसके लिए मेरा तन-मन खाद बनेगा
तुम, जब मेरी इन रचनाओं को पढ़ोगे
तो तुम्हें कैसा लगेगा।

PART C — ($3 \times 10 = 30$ marks)

किसी एक प्रश्न का उत्तर 500 शब्दों में हों। ($1 \times 10 = 10$)

20. 'तुम लोगों से दूर' कविता का मूल्यांकन कीजिए।

21. 'आनेवालों से एक सवाल' कविता का सारांश लिखते हुए, उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

किसी एक प्रश्न का उत्तर 500 शब्दों में हों। ($1 \times 10 = 10$)

22. छायावादी कविता की विशेषताओं को बताते हुए किन्हीं दो कवियों का परिचय दीजिए।

23. नई कविता की प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए।

24. किन्हीं दो कवियों का परिचय दीजिए। ($2 \times 5 = 10$)

    (a) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला

    (b) दिनकर

    (c) प्रेमचंद

    (d) यशपाल